sns academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

GRADE 7 | **PERIODIC TEST-1** | **Marks-30**
Date 6.08.2022 | **HINDI** | **Time-**

GRADE 7	**PERIODIC TEST-1**	**Marks-30**
Date 6.08.2022	**HINDI**	**Time-**

खण्ड - क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

राजा रवि वर्मा को बचपन से ही प्रकति से प्यार था। वे जब छोटे थे तभी वे अक्सर नीले आकाश को निहारा करते थे। नीला-नीला आकाश। उसमें हाथियों के झुंड की तरह डोलते बादल। रवि वर्मा को सूर्यादय देखना बहुत भाता था। वे सुबह-सुबह उठकर आकाश में सूर्य का उदय होना देखते रहते। इसी तरह सूर्यास्त भी उन्हें आकर्षित करता था। संध्या होते ही वे एक स्थल पर बैठ जाते। पश्चिम में धीरे-धीरे उतरते सूर्य को देखते रहते। एक ओर बढ़ता अंधकार दूसरी ओर क्षितिज पर डूबते सूर्य की सिंदूरी ललाई। सूर्यास्त के समय आकाश में तरह-तरह के रंग जैसे बिखर पड़ते।

रवि वर्मा कभी-कभी सूर्यादय और सूर्यास्त की भी तुलना करते। कितना अंतर है दोनों में। वे आश्चर्य करते। रात होती तो आकाश के मैदान में तारों की टोलियां आ धमकतीं। रवि वर्मा इन तारों को घंटों निहारा करते। प्रकृति उन्हें प्रफुल्लित करती। उन्हें कल्पना के लोक में ले जाती। यही कारण है कि रवि वर्मा जीवन भर प्रकृति से प्यार करते रहे। वे जानते थे कि प्रकृति से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। उससे बहुत कुछ पा सकते हैं। वे देखते थे कि उनके मामा प्रकृति से मिली चीजों से ही रंग बनाते हैं।

राजा रवि वर्मा फूलों से, वनस्पतियों से तरह-तरह के रंग बनाते थे। वे तरह-तरह के रंगों की मिट्टी भी एकत्र करवाते। फिर बड़े मनोयोग से रंग बनाते।

1. राजा रवि वर्मा अक्सर नीले आकाश को देखा करते थे, क्योंकि -

(अ) उन्हें प्रकृति से प्यार था

(ब) उन्हें नीला रंग पसंद था

(स) उन्हें ऊपर देखने की आदत थी

(द) उन्हें अंधेरे से डर लगता था

2. आकाश में तरह-तरह के रंग कब बिखर पड़ते थे?

(अ) प्रातःकाल (ब) सूर्यास्त के समय

(स) दोपहर के समय (द) ठीक 3 बजे दिन में

3. राजा रवि वर्मा को कल्पना-लोक में कौन ले जाती थी?

(अ) परियां (ब) तारों की टोलियां

(स) प्रकृति (द) डूबता हुआ सूर्य

4. राजा रवि वर्मा, रवि वर्मा के क्या थे?

(अ) चाचा (ब) मामा

(स) नाना (द) दादा

5. इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक होगा?

(अ) सितारों की रातें (ब) नीला आकाश

(स) कल्पना (द) प्रकृति से प्यार

(खण्ड - ख)

2. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

(क) सेवक

(ख) वतन

(ग) गंगा

(घ) प्रभु

3. निम्नलिखित शब्दों के उल्टे शब्द लिखिए: 2

(क) एक

(ख) नया

(ग) उदास

(घ) जल्दी

4. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए : 4

(क) आत्मा

(ख) विद्या

(ग) धर्म

(घ) दान

5. हिंदी में दिनों के नाम लिखिए : 2

(खण्ड - ग)

6. निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखिए : 2

(क) धर्म

(ख) आत्मा

(ग) विद्या

(घ) सेवक

7. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी अर्थ लिखिए : 2

(क) Country

(ख) Religion

(ग) Duty

(घ) Jasmine

8. निम्नलिखित खाली स्थानों को पूरा करें : 4

(क) **बहा दो ------- की गंगा**

(ख) **वतन के वास्ते -------**

(ग) **दिलों में प्रेम का --------**

(घ) **हमारा धर्म हो --------**

9. निम्नलिखित दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2

(क) **कवि कैसा सेवक बनना चाहता है ?**

(ख) **अपने वतन के लिए कवि क्या करने की प्रार्थना करता है ?**

(खण्ड - घ)

10. निम्नलिखित में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए : 5

(क) **मेरी पाठशाला**

(ख) **गाय**